हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार, 7 जनवरी 2024


तापमान
अधिकतम 11.0 डिग्री
न्यूनतम 6.8 डिग्री


11 प्रदेश के डेढ़ करोड़ लोगों के पास अब आयुष्मान कार्ड की सुविधा





12 बच्चों के स्कूल के पास मौत का गड्ढा




## खबर संक्षेप

### खेड़े वाली धर्मशाला में लगेगा कैंप

अंबाला। पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को मनमोहन नगर के खेड़े वाली धर्मशाला में सुबह 10 से 2 बजे तक लगाया जाएगा।

### वाहन चोरों को यूपी से लाई पुलिस

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम यूपी की गाजियाबाद जेल में बंद बाइक चोरी के पांच आरोपियों मोहित, पवन निवासी कयामपुर कासगंज, विभू निवासी नरदोली सिकंदरपुर, विनय निवासी गाजियाबाद व विशाल निवासी रजापुर गाजियाबाद यूपी को प्रोडक्शन वारंट पर पानीपत लाई। पूछताछ में आरोपियों ने मार्च 2023 में सेक्टर 24 के नजदीक दुकान के सामने से एक बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### पिछड़ा वर्ग एकता सम्मेलन आज

**पानीपत।** पिछडा वर्ग एकता सम्मेलन जाटल रोड स्थित दोनों नहर के पार फौजी ढ़ाबा के सामने सात जनवरी, रविवार को पूर्व कमिश्नर प्रजापत सूरत सिंह बावलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। बावलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछडा वर्ग जातियों में बंटकर अपनी शक्ति को कमजोर कर रहा है। कमजोरी के कारण ही हमें शासन व प्रशासन में हिस्सेदारी व हमारे संविधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। वहीं पिछडा वर्ग को एक जुट होकर अपने हकों के लिए संघर्ष करना होगा।

### पानीपत में स्मैक के साथ अरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव राणा माजरा में नशा तस्कर आरिफ उर्फ रिपा पुत्र अब्बल निवासी राणा माजरा को 8.40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी आरिफ पर थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया।

# कड़ाके की ठंड बरपा रही है कहर शीतलहर से ठिठुरी जीवन की रफ्तार


## मौसम में कड़ाके की ठंड जारी रहने से लोगों के काम धंधे हुए प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पिछले आठ दिन से जिले में ठंड का कहर जारी

पिछले आठ दिन से जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आलम यह है कि सुबह के वक्त जहां घना कोहरा छाया रहता है, वहीं, दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से लोगों के कामधंधे चौपट हो गए हैं। शनिवार को भी जिले में शीतलहर का कहर जारी रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। वहीं, मौसम में ठंडक बढ़ने से शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस रह गया। उधर, चिकित्सकों ने बढ़ती ठंड में बच्चों को ठंड से बचाने के लिए ऐहतियात बरतने की सलाह दी है।





यमुनानगर में शनिवार को आसमान में छाए हुए धुंध के बादल व सुबह के वक्त सड़कों पर घना कोहरा होने पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर जाते वाहन चालक।

शनिवार को आठवें दिन भी सुबह के वक्त लोगों को घना कोहरा का सामना करना पड़ा। वहीं, दिन भर आसमान में धुंध के बाद छाए रहे और शीतलहर चलती रही। सबसे अधिक परेशानी कामकाजी लोगों को रही। उन्होंने ठिठूरती ठंड में अपना कामकाज निपटाना पड़ा।

सुखद बात यह रही कि स्कूलों की छुट्टी होने से बच्चे अपने घरों में दुबके रहे और ठंड का सामना नहीं करना पड़ा। उधर, पिछले कई दिन से पड़ रही कड़ाके की ठंड में लोग बीमारियों में जकड़ने लगे हैं। शहर के सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में खांसी, जुखाम व बुखार के मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

### बढ़ती ठंड में बच्चों के प्रति न बरतें लापरवाही

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक ने लोगों से बढ़ती ठंड में बच्चों को बाहर न निकलने देने की सलाह दी। वहीं, उन्होंने बुजुर्गों व बीमारों को उबला हुआ पानी पीने व गर्म वस्त्र पहनकर ही बाहर निकलने की सलाह दी।

### तापमान गिरकर पहुंचा छह डिग्री सेल्सियस

शनिवार को जिले का तापमान नीचे गिरकर न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले कुछ दिन तक तापमान में गिरावट जारी रहने की संभावना है।

# माफिया ने पूर्व सरपंच व नंबरदार पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- माइनिंग की शिकायत करने पर वारदात को अंजाम दिया

मंत्री अनिल विज के दरबार में पूर्व सरपंच और नंबरदार ने अवैध माइनिंग की शिकायत की थी। इसके बाद खनन माफिया ने उन पर हमला बोल दिया। मामला शहजादपुर थाना क्षेत्र के गांव रजौली का है। आरोप है कि हमलावरों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने की भी कोशिश की। पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रजौली के पूर्व सरपंच सुमेर चंद व नंबरदार जय सिंह ने बताया कि उसके गांव के दीन मोहम्मद उर्फ जुल्फकार, असलम, दर्शन व वकील लंबे अरसे से पंचायती जमीन पर माइनिंग का काम कर रहे हैं। पंचायती भूमि के नजदीक उनकी मलकीयत भूमि भी है। अवैध खनन होने की वजह से भूमि को काफी नुकसान पहुंच रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने आरोपियों के खिलाफ गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत सौंपी।

### माइनिंग अधिकरियों ने किया था निरीक्षण

जिसके बाद माइनिंग अधिकारियों की टीम ने 3 जनवरी को मौके का निरीक्षण किया था। टीम को पंचायती जमीन पर माइनिंग हुई मिली। 4 जनवरी को पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस के जाने के बाद बोला हमला, यहां माइनिंग की जगह पुलिस की गाड़ी फंस गई। ट्रैक्टर की मदद से गाड़ी को निकाला गया। जब पुलिस मौके से चली गई तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों ने धमकी दी कि लोगों को जान से मार देंगे। वे एसडीएम को शिकायत करने के लिए जा रहे थे। इस बीच, उनको रजौली-बरेडी पुल के ऊपर रोक लिया और उनके ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस दौरान वकील व दीन मोहम्मद उर्फ जुल्फकार ने उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने की कोशिश की। हमलावरों के साथ दर्शन, असलम के अलावा अन्य लोग भी साथ थे, जिन्होंने उनके ऊपर ईंट-पत्थर बरसा दिए। उनके मोबाइल छीनकर तोड़ दिए। आरोपियों के खिलाफ पहले भी मारपीट व गैर कानूनी माइनिंग के पर्चे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रिहायशी भवन से 18 तोले सोना चोरी

## 3.90 लाख रुपये पर भी चोरों ने किए हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- वारदात के बाद घर में आग लगा गए चोर

धनौरा के एक बंद पड़े घर में घुस कर चोरों ने करीब 18 तोले सोना व 3.90 लाख रुपये चुरा लिए। चोर जाते समय घर में आग लगा गए। इससे हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। रात को करीब डेढ़ बजे पड़ोस के लोगों ने घर में आग लगी देख कर घर में घुसकर आग को बुझाया। लोगों ने इस वारदात की सूचना घर के मालिक को दी। सूचना मिलते ही पीड़ित जब घर पहुंचा तो उसने देखा कि घर की अलमारी खुली पड़ी है। अलमारी में रखा सोना व पैसे गायब हैं। पीड़ित विदेश कुमार ने बताया कि 4 जनवरी की उसकी सास की क्रिया थी। वह अपने परिवार के साथ ससुराल गया हुआ था। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही रात को करीब 3 बजे वह घर वापस पहुंचा तो देखा कि घर का सारा सामान जला हुआ है। अलमारी में रखे करीब 18 तोले सोने के जेवरात व 3.90 लाख गायब हैं। विदेश कुमार ने बताया की घर में उसकी मोटरसाइकिल खड़ी थी। उन्होंने बताया कि 4 दिन पहले ही उन्होंने मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाया था। मोटरसाइकिल की पेट्रोल की नाली निकली हुई थी टंकी खाली पड़ी थी।

उसने अंदेशा जताया है कि चोरों ने मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकाल कर घर में आग लगाई है। आग में बेड, एलसीडी, एसी, ओवन, वाशिंग मशीन, इन्वर्टर बैटरी जलकर राख हो गए हैं।





घर में जले सामान का दृश्य व मोटरसाइकिल का पेट्रोल चेक करते हुए।


# सीएम ने कुवि के वॉल कैलेंडर का किया विमोचन

## बोले, विवि ने शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान, खेलों सहित सांस्कृतिक क्षेत्र में अनेकों उपलब्धियां अर्जित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुवि ने देश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को केयू के यूजी व संबंधित कॉलेजों के यूजी प्रोग्राम्स में लागू किया: मनोहर लाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को चंडीगढ़, मुख्यमंत्री निवास स्थान पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वॉल कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा को बधाई दी। इस मौके पर उनके साथ कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नायब सिंह सैनी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान, खेलों सहित सांस्कृतिक क्षेत्र में अनेको उपलब्धियां अर्जित की हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने देश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को केयू के यूजी व संबंधित कॉलेजों के यूजी प्रोगाम्स में लागू किया है। इसके साथ ही देश की खेलों के क्षेत्र में प्रदान की जाने वाली सबसे प्रतिष्ठित मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी में लगातार दूसरी बार तीसरा स्थान हासिल करना व खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर में 6वां स्थान हासिल करना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े ही गौरव की बात है।



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वॉल कैलेंडर का विमोचन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल। फोटो : हरिभूमि

### कुलपति ने आभार प्रकट किया

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वॉल कैलेंडर के विमोचन के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि वॉल कैलेंडर में हरियाणा सरकार तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सभी छुट्टियों का विवरण शामिल है।

# पानीपत के न्यायाधीशों ने वाहनों पर रिफ्लेटर लगाए

- धुंध में चालक वाहन सावधानी से चलाए: सुदेश शर्मा

**पानीपत।** पानीपत के जिला एवं सत्र न्यायधीश सुदेश कुमार शर्मा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रतीक जैन ने आज सुबह जी.टी.रोड स्थित टोल प्लाजा पर पहुंचकर धुंध से गुजरते वाहनों पर रिफलेक्टर लगाए। वहीं जज शर्मा ने बताया कि धुंध को देखते हुए ये रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं ताकि घने कोहरे में दुर्घटनाओं से बचा जा सके और घने कोहरे में आने वाले वाहन को दूर से ही देखा जा सके। जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने वाहन चालकों को रात में घने कोहरे में सफर करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विजिब्लिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सडक पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रतीक जैन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहनों की गति सीमा नियंत्रित रखे व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें। उन्होंने कहा की लोगों को अपने वाहनों को मुख्य सडक पर पार्क नहीं करना चाहिए। इसके विपरीत वाहनों के इंडीकेटर्स को ऑन कर ले, बाई या मेन रोड से दूर वाहनों को पार्क करें। वाहन चालक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंड स्क्रिन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं।



पानीपत में वाहनों पर रिफलेक्टर लगाने पहुंचे जिला एवं सत्र न्यायधीश सुदेश कुमार शर्मा व अन्य।

# करनाल में भाजपा नेता के घर ईडी की रेड जारी

## ईडी की टीम ने दस्तावेज अपने कब्जे में लिए, की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के भाजपा नेता मनोज वधवा के घर ईडी की रेड जारी है। टीम ने कल उनके सेक्टर 13, 32 स्थित मकान में दस्तावेजों को खंगाला था और आज सुबह से सेक्टर 32, 33 में उनका जो दूसरा मकान है, वहां रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। हालाकि, रेड के दौरान क्या कुछ बरामद हुआ है। उसका खुलासा अभी अधिकारियों द्वारा नहीं किया है। बताया जा रहा है कि रेड पूरी हो गई है। ई डी की टीम ने दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए हैं उनकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार टीम के अधिकारियों द्वारा पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा व उनके परिवार के सदस्यों से कल सुबह 6 बजे से पूछताछ चल रही है। करनाल के अलावा भी उनके अन्य संस्थानों में टीम द्वारा रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।टीम के अधिकारी परिवार के सदस्यों से केंद्रीय पुलिस बल की मौजूगी में दस्तावेजों की जांच कर रही है। इस दौरान किसी को भी न तो घर के अंदर आने दिया जा रहा है और न ही बाहर जाने दिया जा रहा है।

### यमुनानगर में खनन का कारोबार

बता दें कि भाजपा नेता मनोज वधवा एक बिजनेसमैन और माइनिंग का काम भी करते हैं। मौजूदा समय में उनका यमुनानगर में खनन का कारोबार है। वह 2013 से 2018 तक नगर निगम के डिप्टी मेयर रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने 2014 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ करनाल विधानसभा से इनेलो की टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। मगर इस चुनाव में वह जीत हासिल नहीं कर सके। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के समर्थन से भाजपा मेयर रेनू बाला गुप्ता के खिलाफ भी मेयर का चुनाव लड़ा था, लेकिन उसमें भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। चुनाव हारने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुआई में भाजपा का दामन थाम लिया था और अब मनोज वधवा भाजपा में हैं और आने वाले मेयर चुनावों की तैयारी कर रहे हैं।

# मॉडल टाउन की रिंग रोड का जीर्णोद्धार करेगा नगर निगम

- रिंग रोड के नवीनीकरण पर 20 करोड की लागत आने का अनुमान

पानीपत। नगर निगम ने मॉडल टाउन के रिंग रोड का आधुनिक तरीके से जीर्णोद्धार करने का भी प्लान किया है। इस रोड की खास बात ये रहेगी कि इसमें रोड के साथ पार्किंर्ग भी बनाई जाएगी। शहरी विधायक प्रमोद विज ने दोनों प्रोजेक्ट पर काम करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए हैं।निगम अधिकारियों ने कहा कि मॉडल टाउन के रिंग रोड की चौड़ाई काफी ज्यादा है। इसके दोनों ओर खाली जगह भी है। पहले रोड के बीच में डिवाइडर बनाने का फैसला हुआ था, लेकिन डिवाइडर की वजह से रोड के दोनों ओर की दुकानें प्रभावित हो सकती हैं क्योंकि यहां पर जगह कम बचेगी और दुकानों के पास लोग अपनी गाड़ियां भी पार्क करते हैं। अब रोड के दोनों ओर गाडियों को सही ढंग से खड़ा करने के लिए पार्किंर्ग के स्लॉट बनाए जाएंगे। दोनों ओर फुटपाथ होंगे। रोड भी चौड़ा होगा। यहां फैंसी लाइटें भी लगाई जाएंगी। रोड की सुंदरता बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक काम पूरे होंगे।

**शिक्षा विभाग की पहल**

**शिक्षा अधिकारी बोले, पहली बार बच्चों के होमवर्क में किया गया बदलाव**

## पापा की बाइक के किमी नोट करने के साथ बिजली मीटर की भी रोज करनी होगी रीडिंग

# बच्चों को संस्कारवान बनाने की पहल, छुट्टियों में दादी-दादा व नानी-नाना की करनी होगी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- शीतकालीन अवकाश के होमवर्क में बेहतर बदलाव किया गय

राजकीय विद्यालयों में पहली से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के शीतकालीन अवकाश के होमवर्क में बेहतर बदलाव किया गया है। वद्यिार्थी लिखित व याद करने के गृह कार्य के साथ साथ नानी और दादी से कस्सिे जानेंगे। पुराने रीति रिवाजों के बारे में भी सीखेंगे।

अब गृह कार्य में बच्चों का केवल लिखित कार्य और रट्टा मारने से काम नहीं चलेगा। बच्चों को अपने दादा दादी और नाना नानी के साथ वक्त गुजारना होगा। उनके जमाने के किस्से सुनने होंगे ' मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह पुरातन संस्कृति से बच्चों को अवगत कराने का प्रयास है ताकि बच्चे हरियाणवी रीति रिवाज और अपने पारिवारिक इतिहास को जान सकें। पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शीतकालीन अवकाश के दौरान घर में लगे बिजली के मीटर की प्रतिदिन की रीडिंग जांचनी होगी। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय को नोट करना होगा। इन 15 दिनों में 1 दिन में कितने घंटे धूप निकली इसकी गणना करनी होगी। रसोईघर में उपलब्ध बर्तनों के नाम, संख्या, आकार, धातु का नाम विद्यार्थियों को पता करना होगा। आटा, दालें और अन्य खाद्य सामग्री की पहचान भी विद्यार्थियों को करनी होगी। इस बारे विभाग द्वारा बाकायदा केवी 39/40-2020 एसीडी(4) क्रमांक से सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं।



डीईईओ सुधीर कालड़ा जानकारी देते हुए।

### छात्रों को ये कार्य करने होंगे

प्रति दिन छात्रों को अखबार पढ़ना होगा,बिस्तर की तह लगाना होगा, योग व सूर्य नमस्कार करना , दादी और नानी से उनके समय के सोने चांदी व दूध के भाव जानना होगा। दादा-दादी और नाना-नानी के साथ उनकी पसंदीदा फिल्में देखनी होंगी। पिता की बाइक और साइकिल कितने किमी चलती है इसकी दूरी नोट करनी होगी। नहाने वाले साबुन का नाम, नमकीन, बिस्कुट, टॉफी, चॉकलेट का नाम भी नोट करना होगा। घर में रखी वस्तुओं के नाम लिखना होगा। दादा-दादी और नाना-नानी के साथ फैमिली ट्री बनाना होगा। दादा-दादी और नाना-नानी के पैर दबाना, कम से कम एक भजन या प्रार्थना भी याद करनी होगी। इतना ही छात्रों को चुटकुले याद करना और कैरम, लूडो आदि खेलना होगा। परिवार की आयु का जोड़ करना , झाडू, पोछा, सब्जी और सलाद काटने में परिवार की सहायता भी करनी होगी। घर के कमरों और आंगन की लंबाई और चौड़ाई नापना भी छात्रों को करना होगा।सब्जी मंडी में माता पिता के साथ जाना, 10 सब्जियों के रेट कॉपी में लिखना,मोबाइल फ्रोन और टीवी का इस्तेमाल भी एक दिन के नहीं करना होगा।

### गृहकार्य में बदलाव किया गया

इस बार शीतकालीन अवकाश में दिए जाने वाले गृहकार्य में शिक्षा विभाग द्वारा आमूल चूल बदलाव किया गया है। बच्चों को संस्कारवान बनाने, उनमें व्यवहारकुशलता और परिवार से जुड़ाव पैदा करने के उद्देश्य से इसकी पहल की गई है। कालांतर में विभाग की इस पहल से बच्चों के व्यक्तित्व विकास में लाभ मिलेगा।
सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

# जोहड़ की सफाई नहीं होने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- गंदा पानी भरा होने से जोहड़ से आसपास के क्षेत्र में फैल रही बदबू

गांव जठलाना की हरिजन बस्ती के पास बने जोहड़ में भरा गंदा पानी बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन ग्रामीणों को जोहड के पास से गुजरना पड़ता है। जिससे गंदे पानी की बदबू व कूड़े के ढेर से ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। ग्रामीणों ने जोहड़ की साफ सफाई करवाए जाने की मांग की।

जठलाना के ग्रामीण पालाराम, सतपाल, काका राम, कमलजीत, करण सिंह, सुशील व बिमला आदि ने बताया कि गंदगी से अटे पड़े जोहड़ के पास गांव की आबादी है। जहां पर छोटे बच्चे भी खेलते हैं और यहां पर सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। गंदगी के कारण बीमारियां फैल रही हैं। समस्या के बारे में कई बार सरपंच व अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन समस्या जस की तस है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाए जाने की गुहार लगाई है। वहीं, सरपंच प्रतिनिधि बीर सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले ही जोहड़ की सफाई करवाई गई थी। जोहड़ के पास बाजार होने के कारण इसमें पॉलिथीन आ जाती हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों व दुकानदारों से अपील की कि अपनी दुकानों व घरों का कुड़ा जोहड के आसपास न फैंके। वह नियमित रूप से जोहड की सफाई करवाते रहते हैं। जल्द ही जोहड की दोबारा सफाई करवा दी जाएगी।



यमुनानगर के गांव जठलाना में जोहड के पास पड़ी गंदगी दिखाते ग्रामीण।

**खबर संक्षेप**

### किशोरी को शादी का झांसा देकर किया अगवा

**यमुनानगर।** जगाधरी की एक कॉलोनी से युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर किशोरी को शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया। एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार जनवरी को उसकी 14 वर्षीय लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को मोहित व शिवम शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### श्रीमद् भागवता कथा का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत के भगत नगर सुधीर नगर में शनिवार से 12 जनवरी तक चलने वाली श्रीमद् भागवत संस्कारों की कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई । जिसके बाद कथा का प्रारंभ किया गया। वहीं, कथा व्यास पूरनचंद ने प्रथम दिवस में गोकर्ण की कथा करते हुए कहा कि हमें परिवार को शहर को इस राष्ट्र को संस्कारों की बहुत आवश्यकता है। कथा बहुत हो रही हैं पर यहां जो भागवत जी की कथा सुनने को मिल रही है उससे संस्कार मिल रहे हैं।

### पुलिस कप्तान को पत्र लिखा

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता यशपाल मलिक ने पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत को पत्र लिखकर धुंध के समय नियमों की अनदेखी कर रोड पर चलने वाले दूध विक्रेता व कुड़ा ढ़ोने वालों पर कार्रवाही की मांग की है। पत्र में मलिक ने बताया है कि दूध विक्रेता बाइक पर लोहे का छीका लगाकर व कुड़ा ढोने वाले बाइक के पीछे छोटी ट्राली लगाकर यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। वहीं इस धुंध में बिना रिफ्लेक्टर इनकी बाइक का सही आकलन नहीं होने के चलते सडक हादसों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाही की जाए।

### विकास की राह पर हरियाणा

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को समालखा खंड के गांव गोयला कलां व खेड़ा पहुंची। जहां पर भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए संकल्प शपथ दिलवाई। कृष्ण छौक्कर किवाना ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पात्र लाभार्थियों के घर द्वार तक खुशहाली लेकर आ रही है।

### एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में शनिवार को एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय स्पेशल कैंप जिसका विषय आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत का शुभारंभ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग और इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.रामेश्वर दास रहे। प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवकों को योगा करवाया।

ग्रामीणों ने सुरक्षा के इंतजाम नहीं करने के विरोध में किया प्रदर्शन

# सीवरेज के मेनहोल के निर्माणाधीन गड्ढों में गिरकर कई युवक हुए चोटिल

पुलिस व संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाकर किया शांत ग्रामीणों ने की निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा प्रबंध किए जाने की मांग


यमुनानगर के ससौली के नजदीक मेनहोल के निर्माण कार्य में गिरकर चोटिल होने के बाद एकत्र हुए ग्रामीण गुस्सा जताते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा ससौली में करवाए जा रहे सीवरेज के मेनहोल के निर्माण कार्य के दौरान गड्ढों में गिरकर कई युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। शनिवार को क्षेत्र के लोगों ने निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पुलिस व विभाग के एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह समझाकर ग्रामीणों को शांत किया। मौके पर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ससौली क्षेत्र के 13 गांव में सीवरेज की सुविधा देने की घोषणा के बाद गत शुक्रवार को जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा ससौली में मेनहोल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया था। मगर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से रात्रि के समय मेनहोल के लिए उखाड़ी गई सड़क के गड्ढों में गिरकर कई युवक चोटिल हो गए। जिसे लेकर ससौली क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन कर दिया। मौके पर संधाली गांव के सुभाष चंद ने बताया कि उसका दामाद गूगलो गांव निवासी गुलशन सब्जी मंडी यमुनानगर में आढ़ती की दुकान पर लगा हुआ है। शनिवार तड़के पांच बजे वह बाइक पर सब्जी मंडी में जा रहा था। कोहरे में गड्ढा दिखाई नहीं दिया और बाइक सड़क के बीच पड़े पाइप से टकराई और वह गड्ढे में गिर गया। वहीं, विक्रांत, अमरजीत सिंह व मनीष ने बताया कि करीब एक साल से सीवरेज डालने का काम चल रहा है। सीवरेज डालने के काम में लापरवाही बरती जा रही है। सुरक्षा का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। जो काम हो रहा है वह भी ठीक नहीं। जहां सीवरेज डालते हैं वहीं सड़क धंस जाती है। सारी सड़कों का तोड़ कर बुरा हाल कर दिया है। लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने निर्माण कार्य स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाने की मांग की।

### सुरक्षा के किए जा रहे हैं इंतजाम

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रोहित ने बताया कि सीवरेज के मेनहोल का निर्माण किया जाना है। सड़क के बीच खोदा गया गड्ढा बंद कर दिया है। सड़क पर यातायात सुचारू कर दिया गया है और सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।


यमुनानगर के रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

## बसंत पंचमी के अवसर पर गुमथला में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

■ रादौर रोटरी क्लब की आयोजित बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर रोटरी क्लब के सदस्यों की शनिवार को कस्बा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के प्रधान मंजीत सिंह ने की। बैठक में 14 फरवरी को गुमथला में बसंत पंचमी का पर्व भव्य रुप से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। क्लब के प्रधान मंजीत सिंह व निर्मल सिंह ने बताया कि 14 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व के मौके पर गुमथला में आयोजित समारोह में पांच जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया जाएगा। जिसे लेकर जरूरतमंद परिवार 15 जनवरी तक क्लब के पास आवेदन कर सकते हैं। प्रधान मंजीत सिंह ने बताया कि जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं को क्लब की ओर से सभी जरूरी सामान शादी में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह के आयोजन के लिए डॉ. एससी सैनी व निर्मल सिंह ने 51-51 हजार रुपये का सहयोग दिया है। वहीं, क्लब के सचिव जसवंत सिंह बंचल ने 31 हजार, पूर्व प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल व प्रधान मंजीत सिंह ने 21-21 हजार देकर सहयोग किया है। जिसकी क्लब सराहना करती है। मौके पर भारत माटिया, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मास्टर कृष्ण कुमार आर्य, मलखान सिंह सढ़ुरा द्वारा भी ग्यारह ग्यारह हजार रुपये देकर जरुरतमंदो की कन्याओं के लिए आयोजित शादी समारोह में सहयोग किया है।

## नीता ने जिलास्तरीय सौ मीटर दौड़ में फहराया परचम



■ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलास्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

■ महिलाओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जगाधरी की पुलिस लाइन स्थिथ डीएवी खेल परिसर में महिलाओं के लिए जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। महिलाओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं नगराधीश पीयूष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी बलजीत कौर ने की। महिला एवं बाल विकास अधिकारी बलजीत कौर ने बताया की प्रतियोगिता में आयोजित सौ मीटर दौड़ में नीता ने प्रथम, मिनाक्षी ने द्वितीय व लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 300 मीटर दौड़ में प्रीति ने पहला, रूबी ने दूसरा व रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 400 मीटर दौड़ में संजना ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय व सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की। इसी तरह आलू रेस में मलकीत कौर ने प्रथम, किरण देवी ने द्वितीय व पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि चाटी रेस में सीमा ने पहला, सरला ने दूसरा व मीना ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, साइकिल रेस में प्रीति ने पहला, सेजल ने दूसरा व सिमरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुख्यातिथि एवं नगराधीश पीयुष गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई व शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल खुद से जीवन में मानसिक तनाव दूर होता है और एकग्रता बढ़ती है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुम लता, किरण, जसविंदर कौर व तरविंदर आदि मौजूद रही।

## व्यवस्था परिवर्तन करके सरकार ने दिया पारदर्शी शासन

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा का जगाधरी विधानसभा के इब्राहिम समेत तीन गांव में हुआ जोरदार स्वागत

■ यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रुप में शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं


यमुनानगर के जगाधरी क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके गरीब नागरिकों को बहुत बड़ी राहत दी है। सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करके पारदर्शी शासन दिया है। उन्होंने जानकारी जगाधरी विधानसभा के गांव इब्राहिमपुर, बहलोलपुर व बेगमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में दी। उन्होंने ग्रामीणों को मौके पर विकसित भारत की शपथ दिलाई और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। मौके पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी और उनकी समस्याएं सुनकर समाधान किया।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं। उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। मौके पर एलईडी युक्त वैन से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों को दिखाया गया। वहीं विकास गीतों के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान खेतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। मौके पर स्वामित्व योजना के तहत कई लोगों को रजिसट्रियां वितरित की गई तो कई लोगों की बुढ़ापा पैंशन बनाई गई। मौके पर उत्कृष्ट अंक लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# कंवरपाल ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर के जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर जनसमस्याएं सुनते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

■ शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर दिए समाधान करने के निर्देश

■ अधिकांश समस्याओं को किया मौके पर समाधान

हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने शनिवार को जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेज दिया। उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि उनकी और सरकार की पहली प्राथमिकता जनता की समस्याओं का निवारण करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा एक हरियाणवी एक की भावना और सबका साथ सबका विकास,सबका विश्वास सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रत्येक प्रदेशवासी के कल्याण और पूरे प्रदेश की एक समान प्रगति के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के सहयोग और परिश्रम के बल पर आज हरियाणा की गिनती देश के सर्वाधिक विकसित व अग्रणी राज्यों में होती है। प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन और नई तकनीक के उपयोग से सुशासन प्रदान करने की दिशा में हुए उल्लेखनीय कार्य की देशभर में सराहना हो रही है। शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापक जनहित के कार्योर् के लिए उन्हें अपने स्तर पर ही त्वरित कदम उठाने चाहिएं और ऐसे कार्योर् में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं की जानी चाहिए। इस अवसर पर जगाधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निशचल चौधरी, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग व आइटी सेल जगाधरी के अध्यक्ष पीयूष गोगियान आदि मौजूद रहे।

# युवक ने की महिला से छेड़छाड़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ विरोध करने पर गाली गलौच की और जान से मारने की धमकी दी

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अरूण नामक युवक उसका पीछा कर काफी दिन से उसे परेशान कर रहा था। 27 दिसंबर को वह मॉडल टाउन में किसी काम से जा रही थी। रास्ते में आरोपी ने उसे रोक लिया और उसके साथ छेडछाड़ करने लगा। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला के इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजकर ब्लैकमेल करने का आरोप

छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपने नाम से अकाउंट बनाया हुआ है। इस दौरान उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक युवक अश्लील मैसेज भेजने लगा। इसके बाद आरोपी उसके ब्हाट्सएप पर भी मैसेज करके उसे ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## उपायुक्त समेत कई अधिकारियों को श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का मिला निमंत्रण

■ श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समिति ने उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया समेत अन्य अधिकारियों को अक्षत व भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर दिया निमंत्रण


यमुनानगर में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार को उनके कार्यालय में अक्षत व श्रीरामलला का चित्र भेंटकर निमंत्रण देते हुए श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समिति द्वारा शनिवार को जिला सचिवालय में पहुंचकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह को अक्षत एवं भगवान श्रीराम का चित्र भेंटकर उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। समिति सदस्यों का नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रांत के प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग ने किया। प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य एडवोकेट मुकेश गर्ग ने बताया कि भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को होने जा रहा है। इस अवसर पर पूरे भारतवर्ष में दीपावली मनाई जा रही है। मंदिरों को सजाया जा रहा है। राम भक्तों की टोलियां घर घर जाकर पूजित अक्षत एवं भगवान राम का चित्र देकर निमंत्रण दे रही हैं। मौके पर जिला जगाधरी के संघसंचालक रमेश धारीवाल ने बताया कि आज हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि हम इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बनने जा रहे हैं। आज देश का हिंदू जाग रहा है। अपने धर्म के प्रति जागरूक हो रहा है और वह दिन भी अब दूर नहीं कि हमें भारत के गौरवशाली इतिहास की पूर्ण जानकारी होगी। मौके पर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमिच व जिला संपर्क प्रमुख विवेक मित्तल आदि मौजूद थे।

संयुक्त निगम आयुक्त ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# सीएंडडी वेस्ट का तुरंत करवाएं उठानः मेहरा

■ निरीक्षण के दौरान संयुक्त निगम आयुक्त ने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर के सेक्टर 18 की निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश देती संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा।

संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने शनिवार को शहर के वार्ड नंबर दो व सात में नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करवाए जाने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और निर्माण कार्य पूरा होने पर सीएंडडी वेस्ट का तुरंत उठान करवाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। शनिवार को संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा सबसे पहले वार्ड नंबर सात के सेक्टर 18 में पहुंची। यहां उन्होंने जगाधरी यमुनानगर मुख्य मार्ग से श्याम सुंदरपुरी तक एक करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। पूरी सड़क के निर्माण की उन्होंने बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व एजेंसी के संचालकों को निर्माण कार्य में तीव्रता लाने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके बाद संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा निगम अधिकारियों के साथ वार्ड दो के प्रकाश चौक के पास पहुंची। यहां उन्होंने गौरी शंकर मंदिर से प्रकाश चौक तक 87.95 लाख की लागत से निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने सड़क निर्माण की बारीकी से जांच की और अधिकारियों व एजेंसी संचालक को कड़े निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण के दौरान निकले सीएंडडी वेस्ट का तुरंत उठान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। मेयर मदन चौहान व निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर शहर का विकास प्रगति पर है। हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गठबंधन सरकार सिखाएगी जनता : अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि घमंड से भरी हरियाणा प्रदेश की गठबंधन सरकार को प्रदेश की जनता अबकि बार बाहर का रास्ता दिखाएगी। इस सरकार से हर वर्ग परेशान हो गया है। अब जनता ने मन बना लिया है कि हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। वे शनिवार को गांव किरमच में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### हरियाणा सुपर 100 के लिए आवेदन शुरू

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सुपर 100 के लिए 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस कार्यक्रम में आवेदन के लिए अभ्यर्थी के लिए कक्षा नौंवी में 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक की अनिवार्यता रखी गई है तथा विद्यार्थी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2018 में की गई थी जिसका उद्देश्य राजकीय विद्यालयों की कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आईआईटी/एनआईटी, नीट, एनडीए इत्यादि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है।

### प्रतियोगिता हर व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा

**करनाल।** सुमिता सिंह पूर्व विधायक करनाल ने सेक्टर 12 गोल्डन मोमेंट में 94.5 एफएम द्वारा अयोजित रंगरेज चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की इस मौके पर सुमिता सिंह ने 94.5 एफएम द्वारा माई एफएम के रंगरेज चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया 94.5 एफएम द्वारा अलग अलग स्कूलों के सात हजार बच्चो मे रंगरेज चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई उनमें से चुनकर 12 बच्चो को सम्मानित किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में बच्चे व उनके मा बाप उपस्थित थे।



### शिविर में स्वयंसेवकों को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के प्रोफेसर व एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में ब्रेन ड्रेन हमारे देश के लिए एक बड़ा गंभीर विषय है। हमारे देश के युवा अपना भविष्य विदेश में तलाश रहे हैं। जबकि उन्होंने जिस देश में जन्म लिया उसे मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य को वह भूल जाते हैं। आप सभी स्वदेश- प्रेम को सर्वोपरि रखते हुए अपने ही देश में रहकर अपनी मातृभूमि की सेवा करने का संकल्प ले।

## सरकार ने योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचना किया सुनिश्चित : उमा सुधा

# भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं की दी जानकारी

**भारत विकसित यात्रा के दौरान लोगों को 2047 तक पीएम मोदी के विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में सहयोगी की अपील की**



**कुरुक्षेत्र।** नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाती नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा का मोहन नगर व वशिष्ठ कॉलोनी में पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा पानी के करोड़ों रुपये माफ करने के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों से संवाद किया व नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी विभागों की योजनाओं को दशार्ती स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गारंटी है उसी तरह थानेसर हल्का में विधायक सुभाष सुधा की विकास कार्यो की गारंटी है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा। प्रदेश सरकार की सोच है कि पंक्ति के आखिरी छोर पर बैठे परिवार को सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों व योजनाओं का लाभ मिले। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए पानी के करोड़ों रुपये माफ किए। इस निर्णय के तहत सरचार्ज और ब्याज सहित बकाया पानी के शुल्क की 374.28 करोड़ रुपये की माफी को मंजूरी दी गई है। प्रदेश सरकार के इस फैसले से थानेसर विधानसभा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा। प्रदेश सरकार का यह फैसला ग्रामीण परिवारों पर वित्तीय भार को कम करने, आवश्यक संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है।




## समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाना ही विकसित भारत का मकसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भाजपा नेत्री ममता सैनी ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। हलके वासियों को इस यात्रा में जरूर पहुंचना चाहिए ताकि वे अपना रूका हुआ कार्य मौके पर जाकर करवा सकें। सभी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर स्कीमों की जानकारी दे रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आए। भाजपा नेत्री ममता सैनी शनिवार को गांव गुढ़ा व शहजादपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बोल रही थी। उन्होंने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों की तथा लोगों को सरकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ बारे भी जानकारी ली। केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद एक मील का पत्थर साबित हो रही है। इस मौके पर गुढ़ा सरपंच सुरजीत सिंह, शहजादपुर सरपंच रेखा रानी, राजेश कुमार, सचिव नरेश कुमार, सचिव अजय कुमार, हैडमास्टर सतीश कुमार, पूर्व चेयरमैन गुरनाम सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



## लोगों को दी कानून की जानकारी

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत और जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के दिशा निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जनवरी से जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरुकता शिविरों का आयोजन 31 जनवरी तक लगातार किया जाएगा। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा नालसा और हालसा की विभिन्न स्कीमों पर आमजन को जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिन्द्र सिंह द्वारा गांव रत्नडेरा में लोगों को जागरुक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए। इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों में जागरूकता लाना है।



**थानेसर।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### अग्रोहा को पर्यटन स्थल बनाने की मांग उठाई

**थानेसर।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज की समस्या व संगठन के विस्तर पर विचार विमर्श किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम वैश्य समाज की इकाइयों का विस्तार देश व प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। अग्रोहा धाम के साथ लगता 125 एकड़ में महाराजा अग्रसेन का जो महल था जो टीलें के रूप में बदल चुका है उसकी खुदाई का काम शुरू करने व अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने की घोषणा सरकार ने की हुई है। सरकार को अपने वादे के अनुसार तुरंत प्रभाव से अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने व टीलें की खुदाई का काम शुरू करना चाहिए। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के प्रदेश प्रवक्ता राजेश सिंगला, कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गुप्ता, डॉ मालाराम बंसल, अशोक गर्ग, पेहवा व्यापार मंडल प्रधान सुशील बंसल, सचिव देवेंद्र जिंदल, राष्ट्रीय संयोजक ऋषि राज गर्ग, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

## पेंशन संकल्प रैली को लेकर विचार-विमर्श

- 11 फरवरी को जींद पेंशन संकल्प रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

पेंशन बहाली संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सैनी समाज भवन कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला प्रधान नरेश फूले ने की। सर्वप्रथम जिला महासचिव महेंद्र शर्मा ने सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और 11 फरवरी को जींद पेंशन संकल्प रैली के लिए जोरदार तैयारी करने का आह्वान किया। जिला वरिष्ठ प्रधान सौरव राणा ने सभी विभागों को एकजुट होकर पेंशन संकल्प यात्रा को सफल बनाने की बात कही और सभी कर्मचारियों से तन मन धन से सहयोग देने की अपील की। जिला संरक्षक डॉ रविदत्त शर्मा ने सभी विभागों में पहुंचकर एक-एक कर्मचारी को पेंशन संकल्प यात्रा के लिए आमंत्रित करने की बात कही। सभी को जागरुक होकर संघर्ष करने की अपील की। राज्य महिला सहप्रभारी डॉ मोनिका भारद्वाज ने महिलाओं को आगे आकर संघर्ष में अपनी भागीदारी देने की बात रखी। शाहबाद उपप्रधान अनिल चौधरी व शाहबाद महासचिव मुकेश शर्मा ने खंड स्तर पर विशेष योजना से काम करने की बात कही व विचार साझा किए। उपप्रधान यशपाल शर्मा ने विभिन्न विभागों में जाकर आमंत्रित करने की रणनीति पर विचार रखा। राज्यकार्यकारिणी से कुलदीप शर्मा व अनिल सैनी ने राज्यकार्यकारिणी की आगामी योजना को जिला कार्यकारिणी के समक्ष रखा।

### 22 को अजराना में होगा कार्यक्रम

कुरुक्षेत्र। शाहबाद के गांव अजराना में समाजसेवी सुभाष कलसाना अपने साथियों सहित 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित हो रही उसके निमित्त निमंत्रण और गांव में भव्य आयोजन हेतु अजराना गांव में पहुंचे। राम भक्तो का 500 वर्षो का स्वप्न साकार हो रहा, भगवान राम सभी के आराध्य है। साथ में युवा नेता दीपक आनंद, अमित सिंगल यारा और राहुल सिंगला के नेतृत्व में गांव अजराना में जनसंपर्क अभियान किया गया। इसके तहत गांव के रिंकू राणा, जयराम, रोहतास राणा के साथ युवा साथियों से संपर्क किया गया। 22 जनवरी को भारतीयों की आस्था का केंद्र भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन पूरे देश में मनाया जा रहा हैं।

## लोगों में राम मंदिर के निर्माण को लेकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के मंदिर में भगवान राम जी की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर के हर हिस्से में वीएचपी, आरएसएस के स्वयं सेवकों और भाजपा के कार्यकर्ता नगर के हर हिस्से में अयोध्या से आए पूजा के अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण कर रहे हैं। इसी कड़ी में हुड्डा पार्ट 2 में खेल मंत्री संदीप सिंह के निवास पर उनके पिता सरदार गुरु चरण सिंह को पूजा के अक्षत और निमंत्रण पत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही ऐतिहासिक पल है जिसके लिए हजारों कार सेवकों के प्रयास और भाजपा सरकार के कारण संभव हो पाया है। समाजसेवी बलदेव राज सेठी पूर्व पार्षद और बलराम हंस ने बताया कि लोगों में राम मंदिर के निर्माण को लेकर बहुत उत्साह और खुशी देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि लोग 22 जनवरी को दीपावली की तरह अपने घरों में घी के दिए और रंग बिरंगी लाइटें लगाकर पूरा वातावरण अयोध्या सा पवित्र मनाने का काम करेंगे और इसी दिन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक नगर के मंदिरों में इकट्ठे होकर सामूहिक रूप से अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखेंगे तदोपरांत हर मंदिर में भजन संकीर्तन किया जाएगा और दोपहर को राम भक्तों के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था रहेगी। यहां बीएचपी और आरएसएस के स्वयंसेवक मास्टर नरेंद्र शर्मा, बलराम हंस, बलदेवराज सेठी, विपुल जिंदल आदि मौजूद रहे।



### अक्षत वितरण कार्य में लगे राम भक्तों का सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** 22 जनवरी को पूरे देश में महा राम दीपावली मनाने के लिए हर हाथ सहयोग कर रहा है। वही जगद्गुरु स्वामी ब्रह्मानंद आश्रम की ओर से अक्षत वितरण कर रहे राम भक्तों का स्वागत आश्रम की ओर से किया गया। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि जगद्गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में अक्षत वितरण कर रहे राम भक्तों का फूलों की मालाओं के साथ स्वागत किया गया व उन पर फूलों की वर्षा की गई। संत मां दर्शना देवी, संत देवी अभिलाशा ने राम भक्तों को आशीर्वाद दिया व अक्षत प्राप्त किए। संत देवी दर्शना ने 22 जनवरी को अपने आश्रम में भव्य धार्मिक कार्यक्रम करने व दीवाली मनाने की घोषणा की। साथ ही भगवान श्रीराम के इस काम में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। विश्व हिंदू परिषद के जिन कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया उनमें सुरेश जोशी, राकेश शर्मा, ललित चावला , राजेश अरोड़ा, अशोक वासुदेव, सुदेशपाल बिट्टू गौ रक्षा प्रमुख, कृष्णकांत आदि थे।

## वीरभान बाखली ने थामा कांगेस का दामन

- सैंकड़ों समर्थक दिल्ली समारोह में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



अम्बाला के दिग्गज नेता निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा ने आम आदमी पार्टी को अलविदा कहकर एक बार फिर हरियाणा कांग्रेस प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया,नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान एवं सांसद दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। हल्का पिहोवा से उनके काफी संख्या में समर्थकों ने दिल्ली स्थित कार्यालय में आयोजित समारोह में भाग लिया और कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताई। जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता एडवोकेट वीरभान बाखली ने बताया कि बीते शुक्रवार उनके दिग्गज नेता निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा की अगुवाई में हल्का पिहोवा से सैंकड़ों समर्थक दिल्ली समारोह में शामिल हुए और कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए,जिससे प्रदेश की राजनीति के समीकरण बदल जाएंगे । उन्होंने कहा देश व प्रदेश में हर वर्ग का व्यक्ति भाजपा सरकार से दुःखी है,जिस कारण से भारी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा भाजपा की दमनकारी नीतियों से परेशान देश व प्रदेश का हर वर्ग भाजपा को चुनावों में समर्थन देकर अब खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। वीरभान ने कहा कि आगामी चुनावों में हल्का पिहोवा में भी कांग्रेस पार्टी में नया आयाम स्थापित होगा।



धरोहर हरियाणा संग्रहालय के कैलेंडर का विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

### राज्यपाल ने हरियाणा संग्रहालय के कैलेंडर का किया विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विविके कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को राजभवन, चंडीगढ़ में कुरुक्षेत्र विवि के धरोहर हरियाणा संग्रहालय के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा को सर्वप्रथम देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को केयू के यूजी व संबंधित कॉलेजों के यूजी प्रोगाम्स में लागू करने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विद्यार्थियों का मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक व शैक्षणिक विकास के साथ देश को विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत, उन्नत भारत जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि केयू का धरोहर संग्रहालय अपने आप में अद्धितीय है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के निर्देशन में व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विवि उन्नति के पथ पर अग्रसर है।



**कुरुक्षेत्र।** आमंत्रण पत्र देते रामभक्त। *फोटो : हरिभूमि*

### पूजित अक्षत घर-घर वितरण कार्य जोरो पर

कुरुक्षेत्र। अक्षत वितरण सह निमंत्रण का कार्य जिला भर में चरम सीमा पर है। शास्त्री नगर में रामभक्त पूरी तन्मयता से लगकर सह निमंत्रण देने का कार्य कर रहे हैं और अपने अपने तरीके से जनमानस में धार्मिक आस्था को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अयोध्या धाम के श्रीराम मंदिर को लेकर प्रत्येक घर घर पूजित अक्षत वितरण किए जा रहे हैं। इस दौरान हरिओम मंदिर के पुजारी पंडित अरूण मिश्रा, शमशेर शर्मा, जितेंद्र मिगलानी, विमल गर्ग, चेतराम शर्मा, भूदेव सिंह, शुभम गोयल, सुभाष अरोड़ा, बलदेव शर्मा, जितेंद्र शर्मा, तरूण वधवा, ललित, पवन गुप्ता, विरेंद्र शौरी, राकेश सूरी, नवीन, राजीव शर्मा मौजूद रहे। शमशेर शर्मा ने बताया कि पांच सौ सालों के संघर्ष के बाद यह एतिहासिक अवसर आया हैं। श्री राम मंदिर के उद्घाटन अवसर पर सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक अयोध्या से सीधा प्रसारण किया जाएगा जिसका लाइव प्रसारण हरिओम मंदिर में एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा।

## पिहोवा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में 22 हजार मत हासिल किए थे संदीप ओंकार ने

# संदीप ओंकार सैकड़ों समर्थकों संग कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ के अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार के कांग्रेस में शामिल होने पर पार्टी को संजीवनी मिलेगी। क्योंकि स्वामी संदीप ओंकार का उत्तरी हरियाणा की लगभग 20 विधानसभा और तीन लोकसभा सीटों पर खासा वर्चस्व है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो आश्रम के लाखों श्रद्धालु इन क्षेत्रों में रहते हैं। ऐसे में आने वाले चुनावों में कांग्रेस को यहां से अच्छा खासा लाभ होने की उम्मीद है। गत विधानसभा चुनावों में पिहोवा से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले स्वामी संदीप ओंकार ने अपने पैतृक हल्के पिहोवा के 106 गांवों के सैकड़ों प्रतिनिधियों के साथ कांग्रेस का हाथ थामा। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, पंजाब के प्रभारी देवेंद्र यादव और हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने उन्हें दिल्ली में विशेष कार्यक्रम आयोजित करके पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। गत विधानसभा चुनावों में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लगभग 22 हजार वोट हासिल करने वाले युवा नेता संदीप ओंकार का पिहोवा हलके में एक बड़ा आधार है व हलके में उनका बड़ा वोट बैंक है जिसका फायदा आने वाले लोकसभा चुनावों व विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि स्वामी संदीप ओंकार जो कि जमीनी तौर पर लोगों से जुड़े हुए हैं व अपनी पैठ रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदीप ओंकार लगातार पिछले 7 वर्षों से पिहोवा हलके के लोगों की सेवा कर रहे हैं।

### पिहोवा को विकास के शिखर पर ले जाने का है संकल्प

कांग्रेस में शामिल होने पर स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि पिहोवा हलके को राजनीति के क्षेत्र में उसका बनता हक दिलवाने के लिए अपने आखिरी सांस तक संघर्ष करता रहूंगा। पिहोवा को विकास के शिखर पर ले जाते हुए नई पहचान दिलाने का उनका संकल्प है। संदीप ओंकार ने कहा कि आज वे कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिहोवा के लोगों ने जो मान-सम्मान उन्हें गत विधानसभा चुनावों में दिया है। उसके लिए वे पिहोवा हलके के लोगों के ऋणि हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने पिहोवा हलके के साथ भेदभाव की नीति से काम किया जिसके चलते पिहोवा हलका प्रदेश के सबसे पिछड़े हुए हलकों में शुमार हो गया है। ओंकार ने कहा कि पिहोवा हलके को प्रदेश का विकास के मामले में नंबर 1 हलका बनाना ही उनके जीवन का उद्देश्य है, जिसकी पूर्ति के लिए वे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व हरियाणा के जन-जन के नेता चौधरी रणदीप सुरजेवाला की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ सैकड़ों ओंकार समर्थकों ने भी कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। संदीप ओंकार ने कहा कि पिहोवा में जल्द ही बड़ी रैली आयोजित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### एनएसएस की गतिविधियों के बारे में बताया

**अंबाला।** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में एनएसएस के पांचवें दिन मुख्य अतिथि विजय कुमार का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी व कार्यकर्ता अधिकारी अलका सैनी व टीम सदस्यों ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर विद्यालय में स्वागत किया। विजय कुमार ने छात्रों को एनएसएस की अनेक गतिविधियों के बारे मे जानकारियां दी। इस वर्ष राज्य स्तरीय कैंप, यमुनानगर में गए छात्र तोषार ने अपने अनुभव सबसे सांझा किए।

### बैंकिंग के बारे में जानकारी दी

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस कैंप के छठे दिन की शुरुआत योगाभ्यास और कैंप गीत से हुई। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने क्विज में भाग लेकर अपना ज्ञानवर्धन किया। कैंप में इलाहाबाद बैंक के मैनेजर दीपक कुमार ने शिरकत की। स्वंयसेवकों को बैंकिंग सेवाएं जैसे पैसों के लेन-देन, एफडी, यूपीआई, ऑनलाईन ट्रांसजेक्शन की जानकारी दी गई।

### मानवता व शांति का संदेश दिया

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में चल रहे एनएसएस कैंप के छठे दिन की शुरुआत पीओ अनुज कुमार के नेतृत्व में प्रतिदिन की भांति योगा व गायत्री मंत्र के द्वारा की गई। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने स्कूल के सभी क्लासरूम की व मेन गेट के पास साफ- सफाई की। कैंप में संस्था राज विद्या केंद्र अंबाला से आए हुए गुलजार सिंह, बलबीर सिंह, जयपाल सिंह ने मानवता एवं शांति का संदेश दिया।

### पीने के पानी की जाँच होनी जरूरी

**अंबाला।** छावनी में जगह-जगह सीवर के खड्डे होने की समस्या से प्रशासन को अवगत कराते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि अनेक स्थानों पर बार-बार सीवर की लीकेज के कारण सड़क में खड्डे हो जाते हैं जिन से किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसी ही समस्या कच्चा बाजार चौक पर बार-बार हो जाती है जिसके बारे कई दिन पहले प्रशासन को अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ।

### शादी का झांसा दे युवती से दुष्कर्म का आरोप

**जींद।** युवती को शादी का झांसा देकर बंधक बना दुष्कर्म करने पर महिला थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म करने, बंधक बनाने सहयोग करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर कैथल पुलिस को भेजी है। सिविल लाइन थाना इलाके की युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 13 दिसंबर को गांव गुलाडी पंजाब निवासी मंजीत उसे शादी का झांसा देकर साथ गांव जमालपुर सुरजाखेड़ा ले गया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव मोहलखेड़ा से महिला के गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। गांव मोहलखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 25 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा।

# 62 कॉलोनियां रेगुलर करने की तैयारी, डीटीपी ने लगाया ऑब्जेक्शन

- अधिकारी बोले खामियां दुरुस्त कर दोबारा भेजी जाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर की की 62 नई कॉलोनियों को रेगुलर करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। अभी इन कॉलोनियों का सर्वे किया गया है। हालांकि सर्वे रिपोर्ट को जिला योजनाकार विभाग ने कई खामियां होने की बात कहकर वापिस लौटा दिया है।

भेजी गई कॉलोनियों में 4 तो दोबारा भेज दी गई। जबकि 8 कॉलोनियों के नक्शे ही नहीं भेजे गए। दरअसल नगर निगम ने अपने एरिया की कॉलोनियों को नियमित करने के लिए ड्रोन से सर्वे कराया था। इस पर 15 लाख से ज्यादा खर्च किए गए थे। एजेंसी ने कॉलोनियों का सर्वे 3 माह में पूरा किया था। सर्वे के बाद नगर निगम कमिशनर ने कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने फिर से जेई से कॉलोनियों का सर्वे कराया था। कॉलोनियों की रिपोर्ट नवंबर में डीटीपी को भेजी गई थी।

जब डीटीपी ने इन कॉलोनियों की जांच कराई तो उसमें से सिंगावाला, मंडौर, दुर्गा नगर तथा एक अन्य कॉलोनी को रिपोर्ट किया गया था। इसके अलावा नगर निगम ने 8 कॉलोनियों के नक्शे नहीं भेजे। इसलिए डीटीपी ने सभी कॉलोनियों पर अपने कमेंट्स नहीं दिए।

## नगर निगम की ओर से कॉलोनियों का करवाया गया था ड्रोन सर्वे

### इन कॉलोनियों का किया गया सर्वे




नगर निगम की ओर से सद्दोपुर गांव के बाहर कॉलोनी, हरी कृष्ण नगर, अग्रसेन चौक, काकरू गांव के बाहर, नरेश विहार, ओल्ड घास मंडी, हीरा नगर, नसीरपुर गांव के बाहर, सौंडा गांव, वल्लभ नगर, स्वर्ण कॉलोनी, सैनी कॉलोनी, न्यू मॉडल कॉलोनी जलबेहड़ा रोड, शांति निकेतन नगर, न्यू विवेक विहार, नया गांव, मोती नगर नजदीक नरेश विहार, रवि दास माजरी, शालीमार कॉलोनी, निर्मल विहार, इंदर पुरी मोहल्ला नजदीक रविदास माजरी, शिवालिक कॉलोनी-2, गोविंद विहार, मनमोहन नगर-1, काकरू गांव, बसंत विहार, हीरा मार्केट, हरियाणा मोटर मार्केट, न्यू प्रताप नगर, गीता नगरी एरिया, सेठी एन्क्लेव, सुल्तानपुर गांव, गुरु नानक नगर, मंडौर इंडस्ट्रियल एरिया, मंडौर गांव का बाहर का एरिया, दशमेश नगर मंडौर, सुभाष नगर, धूलकोट, जग्गी कॉलोनी-1। सावन विहार, विष्णु विहार, न्यू रणजीत नगर, मिलाप नगर, मोहिंद्र नगर, सोनिया कॉलोनी, बादशाही बाग, सिंघावाला गांव, शांति नगर, दुर्गा नगर एक्सटेंशन, परशुराम नगर, रतनगढ़ गांव, दुर्गा नगर ईस्ट, गणेश विहार, शिवालिक कॉलोनी, सिंगावाला, डीडब्ल्यूएस कॉलोनी, लाजपत नगर, सरस्वती विहार, दुर्गा नगर, न्यू अशोक विहार व नसीरपुर का सर्वे करवाया गया है। डीएमसी दीपक सूरा ने बताया कि डीटीपी को 60 से ज्यादा कॉलोनियों की सर्वे रिपोर्ट भेजी गई थी। कुछ कमियां जांच में सामने आई हैं। इन कॉलोनियों की रिपोर्ट को दुरुस्त कर दोबारा भेजा जाएगा।

## भारतीय सेना के सूबेदार के जन्म दिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सेना के सूबेदार बाना सिंह के जन्म दिन पर लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 482 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समाजसेवी सतपाल शर्मा मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि 33 बार रक्तदान कर चुके शिक्षक राजेंद्र शास्त्री ने शिविर की। समाजसेवी शगुन शर्मा अति विशिष्ट अतिथि पधारे हुए थे। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर पूर्ण हुआ। रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्तदान का कार्य पूर्ण हुआ। मुख्यातिथि पधारे सतपाल शर्मा ने स्वयं भी रक्तदान किया और कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई अन्य पुण्य का कार्य नहीं है और वे स्वयं अनेक बार रक्तदान कर चुके हैं। आज 33 बार रक्तदान कर चुके शिविर की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र शास्त्री ने कहा कि रक्त दान से स्वयं को भी बहुत लाभ होते हैं। इस अवसर पर डॉ. रमा, सुमित, भारतेन्दु हरीश, प्रशांत शर्मा, शगुन वर्मा, संदीप सिंह, राजेंद्र कुमार, सतपाल, राम दयाल आदि रहे।

## विधायक ने गांवों में संकल्प यात्रा के दौरान पीएम के सपने को साकार करने का किया आग्रह

# प्रदेश के डेढ़ करोड़ लोगों के पास अब आयुष्मान कार्ड की सुविधा

प्रधानमंत्री ने आयुष्मान कार्ड योजना को लांच करके प्रदेश में पहले फेस के अंदर 14.50 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड योजना को लांच करके प्रदेश में पहले फेस के अंदर 14.50 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम किया। इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तुरंत चिरायु/आयुष्मान योजना लांच करके 15 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर इसमें सम्मलित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब 2 करोड 70 लाख की आबादी लगभग 1.50 करोड परिवारों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। विधायक शनिवार को विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दृष्टिगत गांव नकटपुर-बांहपुर, जगौली व सेखोंपुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।



**अंबाला।** ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरित करते विधायक असीम गोयल।

विधायक असीम गोयल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को संसार का सबसे ताकतवर एवं विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है। उस संकल्प को पूरा करने के लिए आमजन की भागेदारी बेहद आवश्यक है। आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हों। प्रधानमंत्री मोदी ने जो यह सपना संजोया है उस सपने को हमने पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड/ चिरायु कार्ड के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों का पांच लाख रुपये का इलाज निशुल्क हो रहा है। अब कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव के कारण इलाज से वंचित नही रहा है। अब सरकार द्वारा नई पहल करते हुए तीन लाख रुपये तक की आमदनी वाले परिवार भी मामूली राशि देकर आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनवा कर इसका लाभ ले सकते हैं। विधायक ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि विकसित संकल्प जन संवाद यात्रा के माध्यम से पिछले साढे नौ वर्षों में देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उसे यात्रा के माध्यम से दर्शाने का काम किया गया है। विधायक ने गांव नकटपुर-बांहपुर में आयोजित कार्यक्रम में 12 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, एक को वृद्धावस्था पेंशन कार्ड वितरित किया। गांव जगौली में 14 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना तथा 3 लोगों की बुढापा पेंशन बनी। इसी प्रकार गांव शेखोपुरा में 15 लोगों के आयुष्मान कार्ड बने तथा एक की बुढ़ापा पेंशन बनी।

### ये रहे मौजूद

मौके पर डीडीपीओ दिनेश शर्मा, फुड सप्लाई इंस्पेक्टर परमजीत सिंह, नकटपुर-बांहपुर सरपंच परमजीत कौर, प्रतिनिधि हरमेश सिंह, जगौली सरपंच बलकार सिंह, पूर्व सरपंच दिलबाग सिंह, सरपंच सोनू मोंगा, सेखोपुरा सरपंच गुरप्रीत सिंह, पूर्व सरपंच तरसेम सिंह, आरएन बत्रा, गुरजंट सिंह बिशनगढ, रघुबीर नडियाली, गुरचरण सिंह मंडल अध्यक्ष, जसबीर सौंटी, अनिल गुप्ता भी मौजूद रहे।



**अंबाला।** खस्ताहाल सड़क का दृश्य।

# जगाधरी गेट की सड़क पर बच्चों के स्कूल के पास मौत का गड्ढा

- प्रशासन कर रहा हादसे का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के नाहन हाउस से जगाधरी गेट को जाने वाली टूटी सड़क से राहगीर बेहद परेशान हैं। दुकानदारों के लिए भी यह सड़क आफत बनी है। दुकानदार रवि कुमार, संजय ने बताया कि इस सड़क से हर रोज स्कूली छात्रों के साथ वाहन चालक गुजरते हैं। सड़क पर बना गहरा गड्ढा लोगों के लिए आफत बना हुआ है।

समाजसेवी दीपक शांडिल्य ने कहा कि ने कहा है कि अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के चार नंबर पुलिस चौकी से नगर निगम के कार्यालय को जाने वाली सड़क पर यह ही नहीं पता चलता कि गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढे।

यह सारी सड़क या तो टूटी पड़ी है या फिर इंटरलॉकिंग टाइल्स दब गई है। जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं। इस सड़क की हालत बहुत ही दयनीय है। शांडिल्य ने कहा कि इस सड़क पर आवाजाही करने वाले राहगीर परेशान हो रहे हैं।

जिम्मेदार अफसर इस सड़क की मुरम्मत व निर्माण की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। दीपक ने कहा कि यह सड़क नाहन हाउस से जगाधरी गेट की यह सड़क उस कार्यालय को जाती है जिस नगर निगम का दायत्वि शहर की सभी सड़कों का रखरखाव करने की होती है।

इस सड़क में गहरे गड्ढे के कारण वाहन चालकों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस रोड पर सोहन लाल, बेलटोल व प्लेवे स्कूल स्थित है।

उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं। अगर किसी बच्चे के साथ कोई अनहोनी घटना हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? उन्होंने कहा कि यहां रोजाना हादसे हो रहे हैं। अगर सरकार या निगम इस सड़क का पूर्ण निर्माण नहीं करवा सकता तो कम से कम इसकी मुरम्मत ही करवा दे।

# हेरोइन तस्करी के मामले में चौथा आरोपी काबू

- पहले पकड़े गए थे तीन आरोपी
- आरोपी की पहचान दीना के मंडी के रहने वाले आरोपी लखन के तौर पर हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

एक किलोग्राम 13 ग्राम हेरोइन की तस्करी के मामले में अब पुलिस ने चौथे आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान दीना के मंडी के रहने वाले आरोपी लखन के तौर पर हुई।

इस मामले में पहले पकड़े गए आरोपियों ने आरोपी लखन का नाम लिया था। दरअसल 25/26 जुलाई 2023 को पुलिस ने सूचना के आधार पर एक आई 20 कार से 1 किलो 13 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान दिशांत कुमार उर्फ डीके के रूप में हुई थी।

आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि आरोपी शिवम व अनिल भी इस मामले में संलिप्त हैं। तीनों आरोपियों को काबू करने के बाद अब पुलिस ने इस मामले में चौथे आरोपी लखन को भी काबू किया है। मामले में आरोपियों से पूछताछ पूरी हो चुकी है।

इसी आधार पर अब पुलिस ने आरोपी लखन को भी जेल भेज दिया है।



## कृष्ण रंग महोत्सव में कलाकारों ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

**कुरुक्षेत्र।** वृंदावन में हुए 13वे कृष्ण रंग महोत्सव में कुरूक्षेत्र व यमुनानगर की 13 लड़कियों ने धमाकेदार प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसमें आरोही, अनन्या एवं वान्या ने महाभारत का प्रदर्शन किया एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ साथ जूनियर शास्त्रीय नृत्य ट्रायो में वारुणाक्षी, सानवी एवं सराक्षि ने शिव स्तुति दिखाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ साथ जूनियर वर्ग में सेमी-क्लासिकल ट्रायो में यशिका, लकक्षिता एवं कंचन ने गणेश वंदना दिखाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ कंचन ने हनुमान चालीसा प्रस्तुत की और दूसरा स्थान प्राप्त किया और तारुशी ने भी हरियाणवी प्रस्तुति करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ पूनम वशिष्ठ और रोहिणी गर्ग सहित 10 बच्चों ने गिद्दा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ इन बच्चों की शिक्षिका डॉ. सुरभि कठपाल को ब्रिज तेजस्वी अवार्ड मिला। इसके अतिरिक्त डॉ. मीनाक्षी कौशिख को टीम लीडर का अवार्ड मिला।

# महर्षि दयानंद जयंती पर चलाया जाएगा स्वच्छता माह : राधाकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जन्म जयंती के अवसर पर सभा से संबंधित आर्य समाजों, आर्य शिक्षण संस्थाओं, गुरुकुलों के अधिकारियों एवं आर्य समाज के समस्त कार्यकताअरं से निवेदन करते हुए कहा कि 12 जनवरी 2024 से 12 फरवरी 2024 तक स्वच्छता माह प्रारंभ करें इस दौरान सामूहिक यज्ञ व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से धूमधाम से इस माह को मनाऐं। उन्होंने कहा कि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जन्म जयंती के अवसर पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रही है और महर्षि दयानंद सरस्वती के कार्यों और उनकी शिक्षाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। प्रधान श्री राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि 12 फरवरी को महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्म स्थान टंकारा गुजरात में बेहद भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के स्वच्छता माह से जुड़ें और टंकारा में होने वाले भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टंकारा अवश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रांत में बड़े स्तर पर सफाई माह कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा और प्रदेश के सभी आर्यजन इस माह में बढ़ चढ़कर सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य।

# दो बाइक चोरी के केस दर्ज

**बराड़ा।** अलग-अलग जगहों से दो बाईक चोरी के मामले सामने आए हैं। पहला मामला विकास विहार का है। पीड़ित सिद्धार्थ कुमार गांव हेमामाजरा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह 24 नवंबर 2023 को अपने दोस्त रविन्द्र के घर विकास विहार बराडा में मिलने गया था। उसने अपनी बाईक को गली में खड़ा किया था। जब तकरीबन एक घण्टे के बाद वह गली में आया तो वहां पर उसकी मोटरसाईकिल नहीं थी। दूसरा मामला गांव राजोखेड़ी का है। यहां गुरुप्रीत सिंह ने बताया कि 6 दिसंबर 2023 को वह अपनी बाइक को अपने मासड़ के घर के बाहर खड़ी कर अंदर गया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## ग्रामीणों को देश को विकसित बनाने की शपथ दिलवाई

# बड़ी कोहड़ी में पहुंची विकसित भारत जन संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

गांव बड़ी कोहड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा शहजादपुर मंडल प्रधान संजीव गुर्जर ने उपस्थित हुए। उन्होंने लोगों को 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है तथा हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है। जिससे कि लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण करवाया जा सके तथा उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कामों से अवगत करवाया जा सके।उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए ग्रुप सी व डी की भर्तियों में साक्षात्कार समाप्त किया गया है। बार-बार प्रतियोगिता परीक्षा से छुटकारे के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा का प्रावधान किया गया है। हरियाणा कौशल विकास मिशन से एक लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से ठेकेदारी प्रथा समाप्त की है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री नीटू शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा अंत्योदय वंचित को उनका हक देने के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई है।



**शहजादपुर।** विवाहिता की गोद भराई की रस्म अदा करते हुए मुख्यअतिथि व अन्य।

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

इस अवसर पर पूर्व लोकसभा प्रभारी पंकज शर्मा ने भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच आशा रानी, बलदेव सिंह, सुभाष जंगू माजरा, तथा ग्राम पंचायत सदस्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम वासियों को विभाग द्वारा चलाई जाने वाली स्कीमों बारे तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में होने वाली गतिविधियों बारे बताया गया। पोषण अभियान के तहत लोगों को मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करने बारे जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर लोगों को अपने भोजन में मोटे अनाज जैसे की बाजरा, ज्वार, रागी को शामिल करने बारे प्रोत्साहित किया गया। गर्भवती महिला की गोद भराई की रस्म की गई । इस अवसर पर भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से हर घर नल से जल एवं जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।



एक-दूसरे से सहज संपर्क के लिए ईजाद किया गया मोबाइल फोन, अब हमारी जीवनशैली का जरूरी हिस्सा बन चुका है। इसमें मौजूद तकनीकों ने बहुत सहूलियतें दी हैं तो यह हमारे बारे में दूसरों को बहुत-सी जानकारियां भी दे सकता है। हमारे व्यवहार, मानसिकता और सामाजिक छवि के बारे में भी हमारा मोबाइल फोन बहुत कुछ बताता है।

# हमारे बारे में बहुत कुछ बताता है मोबाइल फोन

कवर स्टोरी
किरण भास्कर

इस समय दुनिया में कुल जितनी आबादी है, उससे करीब डेढ़ गुना ज्यादा मोबाइल फोन मौजूद हैं। एक अनुमान के मुताबिक धरती के हर कोने में, हर समय करीब चार अरब से ज्यादा मोबाइल फोन सक्रिय रहते हैं। मोबाइल फोन अब महज एक-दूसरे के साथ संपर्क का जरिया भर नहीं है बल्कि यह हर साल तीन ट्रिलियन से ज्यादा के ऑनलाइन और मोबाइल कारोबार का बुनियादी जरिया भी बन चुका है। दुनिया में हर दिन इसी मोबाइल फोन की बदौलत जहां करोड़ों दिल प्यार की डोर में बंधते हैं, वहीं लाखों लाख दिल हर दिन इसी मोबाइल के जरिए टूट भी जाते हैं। आज शासन-प्रशासन की ज्यादातर गतिविधियां भी मोबाइल फोन से ही संपन्न होती हैं। लब्बोलुआब यह कि आज मोबाइल फोन सिर्फ सूचना पाने या देने का जरिया ना होकर, यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का जरूरी हिस्सा बन चुका है।

## रिलेशन अप्रोच करता है साबित

जब तक मोबाइल फोन नहीं थे, दुनिया में सिर्फ लैंडलाइन फोन ही थे, तब तक किसी से फोन पर बात करने या ना करने की हमारे पास भरपूर छूट हुआ करती थी। मान लीजिए किसी ऐसे व्यक्ति का फोन हमारे लैंडलाइन पर आया, जिससे हम बात नहीं करना चाहते, तो किसी और से कहला दिया जाता था कि आपको जिनसे बात करनी है, फिलहाल वो यहां मौजूद नहीं हैं। लेकिन अब इस तरह की छूट लेना संभव नहीं रहा, क्योंकि भले आपका मोबाइल फोन उठाकर कोई अन्य सदस्य कॉल करने वाले से यह कह दे कि आपको जिनसे बात करनी है, वो यहां मौजूद नहीं हैं, सिर्फ उनका मोबाइल फोन यहां छूट गया है। लेकिन अब आपकी ऐसी बातों पर कोई आसानी से यकीन नहीं करेगा। भले यह सौ फीसदी सच हो, क्योंकि मोबाइल फोन का मतलब होता है, ऐसा फोन जो सिर्फ आपके पास रहता है और जिसे आप ही उठाने या ना उठाने का निर्णय करते हैं। इसलिए आज के दौर में किसी का फोन अगर कोई नहीं उठाता, तो इसका साफ संदेश होता है कि आपसे वह बात नहीं करना चाहता। पहले कई तरह के दूसरे बहानों की गुंजाइश थी, लेकिन अब नहीं रह गई है। इसलिए आज की तारीख में किसी का फोन उठाना या ना उठाना, आपके उस व्यक्ति के साथ रिश्ते अच्छे होने या ना होने का आधार माना जाता है।

## कॉलर की पहचान हुई आसान

आज की तारीख में मोबाइल फोन इसलिए एक सेंसिटिव, एटिकेट और रिलेशन का मानक बन गया है, क्योंकि आज तकनीक ने हमसे वो तमाम बहाने छीन लिए हैं, जिनकी बदौलत पहले हम यह भ्रम पाल सकते थे या किसी और से पलवा सकते थे कि वास्तव में हमें आपकी सही-सही पहचान का पता नहीं चलता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। करीब-करीब हर व्यक्ति के फोन में यह सुविधा है कि जब कोई फोन आ रहा हो



तो साफ पता चल सके कि फोन कौन व्यक्ति कर रहा है। जिन्हें अभी यह सुविधा उपलब्ध नहीं है या जो इसका उपयोग नहीं करते, उन्हें भी कम से कम इतना तो पता चल ही जाता है कि फोन कौन कर रहा है? अगर उसका फोन नंबर आपके मोबाइल में मौजूद है या उससे नियमित बात होती है तो।



## लोकेशन भी बताता है फोन

अब तो कई ऐसी नई तकनीकें भी आ चुकी हैं, जिनके कारण लोगों का यह बहाना भी छिन गया है, जिसमें वे होते कहीं और थे, जबकि बताते कहीं और थे। इससे उन्हें बात ना करने की छूट मिल जाती थी। आज बहुत मामूली भुगतान पर ऐसे तकनीकी एप मौजूद हैं, जो आपको बताते हैं कि फोन करने वाला व्यक्ति कहां से फोन कर रहा है? यानी कॉलर की प्रेजेंट लोकेशन क्या है? इसलिए आप दिल्ली में बैठे हुए किसी व्यक्ति से यह नहीं कह सकते कि मैं मुंबई में हूं। बेहतर यही है कि मोबाइल से बात करते समय अपनी लोकेशन के बारे में सच ना छुपाएं।

यहां जिक्र की गई क्वालिटीज के अलावा भी फोन की तकनीक ने हमारी जिंदगी के बहुत सारी परतों को सबके सामने खोलकर रख दिया है। कुल मिलाकर कहने की बात यह है कि आज रोजमर्रा की जिंदगी में फोन हमारी जीवनशैली और रोजगार से लेकर भावनाओं के कारोबार तक का जरिया बन चुका है, इसलिए फोन का बहुत सटीक और जितना हो सके ईमानदार उपयोग करें, वरना आपकी सालों की बनी-बनाई इमेज को मोबाइल फोन पलक झपकने की देरी में डैमेज कर सकता है। *

## फॉलो करें मोबाइल एटिकेट्स


**मोबाइल फोन** के पर्सनल यूज में सावधानियों के साथ शिष्टता का बर्ताव करते हुए कुछ प्रैक्टिकल टिप्स को भी याद रखना चाहिए।



- जब भी किसी क्लोज फ्रेंड या रिलेटिव से पब्लिक प्लेस या वर्कप्लेस पर बात करें तो उसके फोन को स्पीकर पर ना डालें। इससे फोन करने वाले को इंसल्ट महसूस होती है। उसे लगता है उसकी बातें दूसरे ऐसे लोग भी सुन रहे हैं, जिनको नहीं सुनना चाहिए, फिर चाहे भले ऐसा ना हो रहा हो।
- फोन से बात करते हुए कभी भी अपनी आवाज बहुत तेज ना करें। कोशिश करें कि किसी सार्वजनिक जगह पर फोन से तभी बात करें, जब आपके आस-पास 4-5 फीट तक कोई ना खड़ा हो।
- वो दिन बीत गए जब लोग धड़ल्ले से दूसरों का लैंडलाइन फोन इस्तेमाल किया करते थे। मोबाइल के दौर में दूसरे के फोन के इस्तेमाल की कोशिश ना करें। यदि मजबूरी में ऐसा करना हो तो बिना परमिशन ऐसा ना करें।
- अगर आप किसी मीटिंग या पब्लिक प्लेस पर हैं और बात नहीं कर सकते तो कॉल करने वाले को मैसेज से सूचना जरूर दे दें कि बाद में आप कॉल करेंगे। *

# डिजिटल संवाद का पसंदीदा सिंबल इमोजी

व्हाट्सअप, मैसेंजर, एसएमएस, ई-मेल, फेसबुक या ट्विटर, सोशल मीडिया या डिजिटल कम्युनिकेशन का कोई भी ऐसा प्लेटफॉर्म नहीं है, जहां इन दिनों इमोजी का जमकर इस्तेमाल ना हो रहा हो। सच यही है कि आज की डिजिटल होती लाइफस्टाइल में इमोजी पूरी तरह फिट हो गई है।



टेक्नोलाइफ / लोकमित्र गौतम

आज के दौर में पूरी दुनिया में लोग एक-दूसरे को जो डिजिटल मैसेज भेजते हैं, उनमें शायद ही किसी भी भाषा का कोई शब्द इतना ज्यादा इस्तेमाल होता हो, जितनी ज्यादा इमोजी का इस्तेमाल होता है। जी हां, वही छोटी-छोटी आकृतियां जिन्हें स्माइली भी कहा जाता है। दुनिया भर में हर दिन लोग आपस में डिजिटल संवाद करते हुए 6 बिलियन से ज्यादा बार इमोजियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि इमोजीज, डिजिटल संवाद को नए अर्थ ही नहीं, नए आयाम भी देती है। दरअसल, जब हम मन में उमड़-घुमड़ रहे असीमित भावों को शब्दों में व्यक्त कर पाने में असमर्थता महसूस करते हैं, तो ये छोटी-छोटी डिजिटल सिंबल्स हमारे बहुत काम आती हैं।



**कहां से आई इमोजी:** इमोजी, जापानी भाषा का शब्द है, जिसका मतलब होता है, चित्राक्षर। इ का मतलब होता है- चित्र और मोजी का मतलब अक्षर या वर्ण। इसे एक छोटी डिजिटल इमेज या आइकन भी कहा जा सकता है। इसका विकास साल 1997 में एक जापानी कलाकार शिगेताका कूरिता ने किया था। शिगेताका पेशे से इंजीनियर नहीं, अर्थशास्त्र से स्नातक थे और टेलीकॉम कंपनी डोकोमो में काम करते थे। उन्होंने ही पहली बार 176 इमोजी बनाए थे, जो दुनिया में इमोजीज का पहला सेट माना जाता है। इसमें 11X12 ग्रिड पर फिक्सेलेटिड रंगीन कार्प, सिलाई जैसे डिजाइन प्रस्तुत किए गए थे। इसके लिए सड़क संकेतों और चीनी अक्षरों से बनने वाले संकेतों का भी सहारा लिया गया था। इसका उद्देश्य उस जमाने में सेलफोन पर एक सीमित टेक्स्ट को असीमित आयाम देना था, क्योंकि उन दिनों 250 अक्षरों (कैरेक्टर्स) में ही अपना संदेश लिखने की बाध्यता होती थी। इस सीमा में रह कर अपने सीमित संदेश को कैसे असीमित आकार दें, इमोजी के संकेताक्षरों की खोज इसी उद्देश्य के लिए हुई थी।

**यंगस्टर्स ने बढ़ाई पॉपुलैरिटी:** वैसे कम्युनिकेशन में इमोजी का अस्तित्व पिछली सदी में ही अपनी जगह बना चुका था, लेकिन इसकी लोकप्रियता में उफान मौजूदा सदी के साल 2011 में तब आया, जब इसने धीरे-धीरे युवाओं को आपसी संवाद की भाषा में अपने इस्तेमाल के लिए आकर्षित किया। चार साल बाद सन् 2015 में 'ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी' ने इमोजी शब्द को अपने यहां जगह दी, जिस कारण इसे एक विश्वव्यापी परिभाषा मिली। ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में इमोजी के लिए लिखा गया, 'फेस विद टीयर्स ऑफ जॉय।' इमोजी के बारे में अगर कहा जाए कि यह डिजिटल जनरेशन की सबसे पसंदीदा भाषा है, और पूरी दुनिया में इसकी एक जैसी वर्तनी और एक जैसी अभिव्यक्ति है, तो इसमें जरा भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। यही वजह है कि बिना किसी प्रचार या प्रयास के भी आज हर दिन पूरी दुनिया में 6 बिलियन से ज्यादा इमोजीज का लोग आपसी संवाद में इस्तेमाल करते हैं। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल भाषा है, जो इस्तेमाल तो इमेज के रूप में होती है, लेकिन दिमाग में उसके भाव शब्दों के रूप में अर्थ पाते हैं। जून 2018 तक यूनिकोड 1,823 इमोजी को पहचानता था, जिनकी संख्या आज की तारीख में (यूनिकोड वर्जन 15.0 में) बढ़कर 3,664 हो चुकी है। यह चित्रमय भाषा दुनिया को, विशेषकर युवाओं को इस कदर आकर्षित कर रही है कि पिछले तीन सालों में इसका 775 प्रतिशत इस्तेमाल बढ़ा है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया भर में 92 प्रतिशत से ज्यादा मिलेनियल्स यानी, जिनका जन्म 21वीं में हुआ है, इसका प्रयोग करते हैं।

**हर एज के लोग करते हैं यूज:** 'एप बाय' नामक एक एप ने अपने सर्वे के जरिए यह निष्कर्ष निकाला है कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले 78 फीसदी से ज्यादा लोग अपने टेक्स्ट मैसेजों में इमोजी का इस्तेमाल करते हैं। सबसे ज्यादा अपने लिखित संदेशों में इमोजी का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं की उम्र 44 साल से कम होती है। जबकि 45 साल और उसके अधिक उम्र के लोग इनके इस्तेमाल को लेकर थोड़े उदासीन होते हैं, फिर भी 24 फीसदी इस उम्र के लोग भी इनका इस्तेमाल खूब करते हैं। *

गजल / डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

# झूठ के बाजार में

झूठ के बाजार में शाइस्तगी चलती नहीं
चापलूसी होती है पर मुफलिसी चलती नहीं
पेट की खातिर जलाना पड़ता खुद को रात-दिन
इश्क करने से किसी की जिंदगी चलती नहीं
वक्त आ जाए बुरा तो आगे बढ़कर जीस्त में
जूझना पड़ता है हरदम बुजदिली चलती नहीं
लोग मिलते हैं जहां में खुद-परस्ती के लिए
आजकल राहे वफा में दोस्ती चलती नहीं
दूर जाना पड़ता है सबको अकेले एक दिन
आसमां चलता नहीं ये सरजमीं चलती नहीं
शौक से जलता है परवाना शमा के सामने
बेखुदी के हाल में आवारगी चलती नहीं
रंज वो ही पालते हैं, जिनके मन में खोट है
हो खुलूसे दिल अगर तो दुश्मनी चलती नहीं




भाव श्रद्धा का न हो तो बंदगी किस काम की
आस्था के नाम पर दीवानगी चलती नहीं
सहना पड़ता है चमन का दर्द गुल के वास्ते
सिर्फ लफ्फाजी से 'नवरंग' शायरी चलती नहीं

पुस्तक चर्चा / सरस्वती रमेश

# स्त्री जीवन की कहानियां

बेटी को भले ही पराया धन माना जाता है लेकिन ब्याह के बाद भी एक बेटी अपने बाबुल को कभी पराया नहीं समझती। ताउम्र वह अपने मायके की खुशहाली के जतन में लगी रहती है। किसी कारणवश ब्याही बेटी को अगर मायके लौटना पड़े तो वह अपने ही घर मे बोझ बन जाती है। जलालत और रोज-रोज का क्लेश उसके जीवन का अंग बन जाता है। कुछ ऐसी ही बेटियों की संवेदनाओं और संघर्षों को बयां करती कहानियों का संग्रह है 'बाबुल और अन्य कहानियां।'




इस संग्रह में कुल दस कहानियां हैं। अधिकतर कहानियों में नायिकाएं बेटियां हैं। ये ऐसी बेटियां हैं, जो ससुराल से मायके में लौटते ही अपनों की आंखों की किरकिरी बन जाती हैं, फिर भी अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटती हैं। 'तारनहार', 'बाबुल', 'सजा' ऐसी ही बेटियों की कहानियां हैं। 'सजा' कहानी में नायिका को मिले कष्टों के साथ रिश्तों की बेमानी होने की पीड़ा को भी महसूस कर सकते हैं।

'छलावा' चालीस पार की एक स्त्री के प्रेम में पड़ने की कहानी है। लेखिका ने बड़ी बारीकी से नायिका के एहसासों को उकेरा है। 'कीमत' एक भुतहे घर की कीमत लगने की रोमांचक कहानी है। कहानियों की भाषा सहज-सरल है। यही वजह है कि पाठक इनसे सहज ही जुड़ जाता है। असल में ये ऐसी कहानियां हैं, जिनके कथानक हम अपने घर, परिवार, पड़ोस या रिश्तेदारी में देख सकते हैं। *

**पुस्तक:** बाबुल और अन्य कहानियां (कहानी संग्रह), **लेखिका:** शुभदा मिश्र, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** वैभव प्रकाशन, रायपुर

लघुकथाएं

# अनमोल अमानत

तन्मय बदहवास-सा भागता हुआ रद्दी का सामान लेने वाले मंगतलाल की दुकान पर आया। वह हांफ रहा था। सांसों को संभालते हुए तन्मय बोला, 'मेरे घर से अभी अभी रद्दी लेकर तुम्हीं आए थे ना चाचा। उसमें एक साड़ी थी, बहुत पुरानी। पत्नी ने गलती से रद्दी के सामान के साथ तुम्हें बेच दी है चाचा। उससे बहुत बड़ी भूल हो गई। मैं घर में होता तो बिना जांचे तुम्हें रद्दी का सामान नहीं बेचता। असल में मैं बाजार चला गया था कुछ सामान लाने।'

तन्मय की आवाज में अपनी अमानत को लेकर गहरी चिंता थी।



मंगतलाल किसी की आई हुई रद्दी तौल रहा था। रद्दी तराजू पर चढ़ाते हुए बोला, 'बहुत कीमती साड़ी थी क्या बेटा? उसमें सोना-चांदी तो नहीं जड़ा था?'

'नहीं सोना-चांदी तो नहीं जड़ा था। तांत की सफेद साड़ी थी। साइड में ब्लू रंग का बॉर्डर था।' तन्मय ने बताया। मंगतलाल कुछ नहीं बोला।

तन्मय ने आतुरता से पूछा, 'हमारे घर से जो रद्दी लाए थे, कहां रखी है आपने चाचा?'

मंगतलाल ने इशारे से बताया, 'वो देखो कोने में रखी हुई है, सफेद वाले बोरे में।' तन्मय तेजी से बोरे के पास गया, उसे खोलकर रद्दी खंगालने लगा। बोरे में नीचे सफेद साड़ी झांक रही थी। तन्मय की खुशी का ठिकाना ना रहा। वह खुशी से बोला, 'मंगत चाचा, मिल गई साड़ी!' मंगतलाल ने साड़ी को हाथ में लेकर देखा। सफेद रंग की साड़ी जगह-जगह से फटी हुई थी। मन ही मन उसने सोचा इसके तो कोई पांच रुपए भी ना देता। मंगतलाल मजाक में बोला, 'बेटा, पांच सौ रुपए लगेंगे इस साड़ी के।'

तन्मय ने झट से बटुए से पांच सौ रुपए का नोट निकाल कर मंगतलाल के हाथ पर रख दिया और बोला, 'चाचा, आपने बहुत कम पैसे इस साड़ी के मांगे हैं। अगर आपने पांच हजार रुपए भी मांगे होते तो मैं खुशी-खुशी दे देता। यह मेरी मां की आखिरी निशानी है।' तन्मय साड़ी लेकर आगे बढ़ने को हुआ तो मंगतलाल ने टोका, 'सुनो बेटा, मैंने अभी बहू को रद्दी के पैसे दिए नहीं हैं। सोचा था दोपहर जाकर दे आऊंगा। यह पांच सौ रुपए का नोट वापस रख लो। बड़ी अजीब बात है, कोई इतनी मामूली चीज के पांच सौ रुपए देने को तैयार है!'

'आपके लिए यह मामूली होगी मंगत चाचा। मेरे लिए तो यह अनमोल अमानत है। मेरी मां की आखिरी निशानी है यह साड़ी।' यह कहते हुए तन्मय की आंखें छलक आई थीं। *

-महेश कुमार केशरी

# पहचान

यह जनवरी की एक मखमली दोपहर थी। माहौल में शोखियां उरूज पर थीं। प्रदेश की कला अकादमी आज चित्रकार उमा को एक विशेष पुरस्कार से सम्मानित कर रही थी। उमा की सहेलियां तो उससे भी पहले सभा स्थल पर आ गई थीं। आती भी कैसे नहीं, उनकी सहेली उमा के साथ उन्हें भी तो उस समारोह की शोभा बनना था।



जब उमा की वह कलाकृति लगाई गई, जिसके लिए पुरस्कार मिलना था तो उसको देखकर सखियां हतप्रभ रह गईं। सखियों ने एक ही बार में पहचान लिया था कि कलाकृति में जो उदास-हताश बच्चे दिख रहे हैं, वह उमा की पुरानी काम वाली बाई के हैं। उमा ने अपनी कृति में गरीब बच्चों की पीड़ा को उकेरा था, जिसे देखकर किसी का भी हृदय द्रवित हो सकता था।

तभी समूचा हाल ताली की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उमा को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। उसके लिए बधाई और शुभकामनाओं की बरसात होने लगी। लौटते समय एक सहेली ने उमा से कहा, 'लेकिन उमा ये बच्चे तो अब बहुत ही अच्छे एथलीट हैं, स्कॉलरशिप भी पा रहे हैं। इस तरह उनकी अनुमति के बगैर उनका चित्र बनाकर तुमने गलत तो नहीं किया?'

'अरे, जाने दो यार, मेरे टुकड़ों पर पलते थे वे बच्चे। आज वो कौन-सा खुद को पहचान लेंगे।' कहकर उमा ने अपनी अवार्ड ट्रॉफी को गौरव-भाव से चूम लिया। *

-हरीश चंद्र पांडे

# स्नेह

अमन बहुत दिनों से नोटिस कर रहा था कि उसके घर के पास काम करने वाला एक बुजुर्ग उसे घूरता रहता था। जब भी अमन वहां से गुजरता, वह बुजुर्ग उसे ध्यान से देखता रहता। कभी-कभी तो वह अमन को देखकर मुस्कुरा भी देता। अमन को लगता कि कहीं यह बुजुर्ग कोई चोर-उचक्का तो नहीं है, जो उस पर नजर बनाए हुए है। अवसर पाकर उसको लूट लेगा। लेकिन उसकी उम्र को देखकर नहीं लगता था कि वह ऐसा कुछ करेगा। फिर भी अमन को अजीब-सा डर सताए रहता था।

एक दिन अमन ऑफिस के लिए निकल रहा था। वह बुजुर्ग उसे



फिर दिखाई दे गया। आज भी वह अमन को एकटक देखे जा रहा था। उसने अमन को देखकर हल्की मुस्कान भी छोड़ी। अमन से रहा नहीं गया। वह उस बुजुर्ग के पास गया और कड़े शब्दों में पूछा, 'क्या आप मुझे जानते हैं? मुझे आप यूं घूरते क्यों हैं? आप दिमागी रूप से ठीक हैं ना?'

अमन की बातों को सुनकर बुजुर्ग थोड़ा हड़बड़ा गया। उसे जवाब देते नहीं बन पा रहा था। लेकिन वह बड़ी हिम्मत करके आहिस्ता से बोला, 'बेटा, मैं तो तुम्हें देखकर अपने बेटे को याद कर लेता हूं। वह अब तुम्हारी तरह जवान हो गया होगा। वह बारह साल पहले मुंबई कमाई करने गया था, तब से घर नहीं लौटा। पता नहीं कहां गायब हो गया? मैं यहां अपने गांव से बहुत दूर आकर मजदूरी कर अपना और अपनी पत्नी का किसी तरह पेट पाल रहा हूं। सात साल से घर नहीं गया। तुम्हें देखता हूं तो उसकी याद आ जाती है। तुम्हें देखकर मन को बहला लेता हूं कि वह भी तुम्हारी ही तरह दिखता होगा।' बुजुर्ग की बातें सुनकर अमन की आंखें भीग गईं। उसे अपनी सोच पर पछतावा हुआ। बुजुर्ग की आत्मीयता ने उसे अंदर तक स्नेह से भर दिया। *

-ललित शौर्य

**लेखक ध्यान दें...**

लेखक रविवार भारती में प्रकाशनार्थ अपनी रचनाएं / लेख कृपया ई-मेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर भेजें।

